nt>
Title: Need to provide financial assistance to State Government of Uttar Pradesh for modernisation and expansion of sick sugar mills.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य चीनी

निगम की ३५ मिलों में से २२ मिलों को निजी हाथों में बेचने तथा ५ चीनी मिलों को बंद कर देने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार राज्य सीमेंट निगम की चुर्क सीमेंट फैक्ट्री को भी निजी क्षेत्र में बेचने या बंद कर देने का फैसला लिया जाने वाला है। इससे हजारों श्रमिक परिवारों के भविष्य के सामने प्रश्नचिन्ह लग गया है और उनमें व्यापक असंतोष है। निजी क्षेत्र में बेच दिये जाने पर इन मिलों से संबंधित कर्मचारियों के सेवा की कोई गारंटी नहीं दी गयी है। मैं इस सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह तत्काल हस्तक्षेप करके इन मिलों को निजी हाथों में जाने से रोके तथा पर्याप्त धन देकर इनका आधुनिकीकरण तथा ि वस्तारीकरण कराएं।